खंड 2, अंक 5, मई, 2023

समाचार पत्रिका

भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी भेषजसंहिता आयोग

(भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला)
आयुष मंत्रालय

अग्नि सेवा सप्ताह अवलोकन

14 से 20 अप्रैल 2023

पीसीआईएमएवंएच द्वारा 14 से 20 अप्रैल 2023 तक "राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता (AGNI)" विषय पर अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया गया।

14 अप्रैल को भारत में उन बहादुर अग्निशामकों को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस (जिसे "शहीद दिवस" के रूप में भी जाना जाता है) के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने 14 अप्रैल 1944 को मुंबई डॉकयार्ड में आग और बड़े पैमाने पर विस्फोट के दौरान अपने जीवन का बलिदान दिया था। आग से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए जनता के बीच अग्नि सुरक्षा जागरूकता के लिए देश भर में 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाता है। 2023 राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस की थीम **"राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता"** है ।

पीसीआईएमएवंएच के अधिकारियों को अग्नि नियंत्रण और अग्नि सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रशिक्षण प्रदान किए गए। अधिकारियों को जागरूक करने के लिए अग्नि सुरक्षा पर एक व्याख्यान भी आयोजित किया गया।

पीसीआईएमएवंएच में संयुक्त राज्य अमेरिका फार्माकोपिया अधिकारियों के साथ बैठक

पीसीआईएमएवंएच ने 3 अप्रैल 2023 को यूएसपी के अधिकारियों के साथ पीसीआईएमएवंएच में सहयोगात्मक कार्यों की प्रगति पर चर्चा एवं समीक्षा हेतु एक बैठक आयोजित की गई जिसमें डॉ. किशोर, एसोसिएट निदेशक और श्री के. चौधरी, यूएसपी के प्रबंधक ने बैठक में भाग लिया। उपरोक्त मुद्दे पर 27 अप्रैल, 2023 को हैदराबाद के यूएसपी कार्यालय में दूसरी बैठक भी आयोजित की गई ।



फार्माकोपिया समिति की यूनानी उप-समिति की बैठक

पीसीआईएमएवंएच ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 28 अप्रैल 2023 को राष्ट्रीय त्वचा रोग यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में फार्माकोपिया कमेटी की यूनानी उप-समिति की बैठक आयोजित की गई।

हैदराबाद में निदेशक, एनआईपीईआर के साथ बैठक

पीसीआईएमएंडएच ने एएसयूएंडएच दवाओं के गुणवत्ता नियंत्रण और मानकीकरण पर एनआईपीईआर और पीसीआईएमएवंएच के साथ सहयोगात्मक कार्य पर चर्चा करने के लिए निदेशक, एनआईपीईआर और उनकी टीम के साथ बैठक में भाग लिया।

औषधीय पौधों के लिए सर्वेक्षण सह संग्रह दौरा

उत्तराखंड के चमोली जिले में दिनांक 04-04-2023 से 08-04-2023 तक औषधीय पौधों हेतु पांच दिवसीय सर्वेक्षण सह संग्रह दौरे का आयोजन किया गया । अधिक ऊंचाई वाले औषधीय पौधों के प्रामाणिक नमूने जैसे *टैक्सस वालिचियाना* ज़ूक, *बर्बेरिस अरिस्टाटा* डीसी, *सोसुरिया लप्पा* (डेक्ने) शि.बीप, *पिक्रोरहिज़ा कुरूआ* रोयाल, *बर्जीनिया सिलियाटा* (हॉ.) स्टर्नब., *स्वर्टिया चिराता* बुच-हैम. एक्स वॉल., *ज़ैंथोजाइलम अरमाटम* डीसी, *हेडीचियम स्पाइकैटम* एस.एम., *वेलेरिना वैलाचिया* डीसी, आदि को एकत्र किया गया।





प्रदर्शनी

डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय असम में राष्ट्रीय आरोग्य मेला

पीसीआईएमएवंएच द्वारा डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय असम में 6-7 अप्रैल 2023 को राष्ट्रीय आरोग्य मेले में भाग लिया गया। आम लोगों एवं छात्रों के बीच आयुष पद्धति, भारतीय चिकित्सा पद्धति, फार्माकोपिया, फॉर्मूलरीज़ आदि के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए पीसीआईएमएवंएच का एक स्टॉल लगाया गया। भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं उनके लाभ, औषधियों के मानकों, भेषजसंहिता और फॉर्मूलरीज़ प्रकाशन के बारे में अधिकारियों द्वारा जानकारी का प्रसार किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस - 2023 के 75 दिनों के उपलक्ष्य में, अधिकारियों ने डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय क्रीडास्थल, डिब्रूगढ़, असम में 07 अप्रैल, 2023 को सुबह 07:00 से 08:00 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल प्रदर्शन कार्यक्रम भाग लिया और संयोगवश उस दिन विश्व स्वास्थ्य दिवस भी था।

जयपुर में राष्ट्रीय आरोग्य मेला

पीसीआईएमएवंएच ने हितधारकों को एएसयूएवंएच औषधियों के गुणवत्ता नियंत्रण और मानकीकरण में उपयोग की जाने वाली तकनीकों को प्रदर्शित करने के लिए 20-23 अप्रैल 2023 को जयपुर में राष्ट्रीय आरोग्य मेले में भाग लिया।

वर्कशॉप प्लांट्स टू पेशेंट्स - सीरीज़ -3 "रीथिंकिंग एथनोफार्माकोलॉजी"

सह-भागिता

पीसीआईएमएवंएच के दो अधिकारियों ने 19 से 21 अप्रैल 2023 तक भारतीय संस्कृति संमथनत कोडइकनाल, तमिलनाडु द्वारा आयोजित "कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न" पर 03 दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

टी20 टास्क फोर्स 3, सेमिनार 4: LiFE के लिए सामुदायिक भागीदारी और पारंपरिक दृष्टिकोण को मुख्यधारा में लाना

निदेशक द्वारा 21 अप्रैल 2023 को टी20 टास्क फोर्स 3, सेमिनार 4: LiFE के लिए सामुदायिक भागीदारी और पारंपरिक दृष्टिकोण को मुख्यधारा में लाने के लिए वर्चुअल माध्यम से संगोष्ठी में भाग लिया गया।

विश्व होम्योपैथिक दिवस 2023 पर वैज्ञानिक सम्मेलन

पीसीआईएमएवंएच ने 10 अप्रैल 2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन होम्योपैथी द्वारा आयोजित "विश्व होम्योपैथिक दिवस 2023 पर वैज्ञानिक सम्मेलन" में भाग लिया।

किसी भी जानकारी/सुझाव/प्रश्न के लिए कृपया संपर्क करें

निदेशक

भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी भेषजसंहिता आयोग

(भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला)

कमला नेहरू नगर, गाजियाबाद

फोन नं. : (0120) 2787014; ई-मेल: dir.pcimh-ayush@gov.in

https://twitter.com/pcim_h & https://www.facebook.com/pcim.h.7/